सार-समाचार

कांग्रेसी नेताओं ने की पायलट की अगवानी

अजमेर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के आज किशनगढ आगमन पर अजमेर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पायलट की किशनगढ टोल पर अगवानी की। कांग्रेसियों ने पायलट को माला एवं साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया! इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ प्रदेश महासचिव राकेश पारीक पीसीसी सदस्य महेंद्र सिंह रलावता संग्राम सिंह गुर्जर राजू गुप्ता पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय जैन निवर्तमान महासचिव शिवकुमार बंसल महेश चौहान पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष अभिषेक सैमसन छात्र नेता मनीष मारोठिया भगवान सिंह चौहान रजनीश गुर्जर कैलाश कोमल अंकुर त्यागी मनीष सेठी आलोक गुप्ता मुकेश सिंह राठौड अहमद हुसैन चंद्र प्रकाश शर्मा शक्ति सिंह रलावता भरत सिंह राणा शंकर गुर्जर प्रहलाद गुर्जर राकेश शर्मा राजेश गुर्जर सहित बडी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नशा तस्करों के खिलाफ महायुद्ध

भीलवाड़ा। नशे के सौदागरों और ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ राजस्थान पुलिस ने अब आर-पार की जंग छेड़ दी है। आज दिनांक 12 फरवरी 2026 को राज्य के उच्चाधिकारियों द्वारा भीलवाड़ा चौकी सहित प्रदेश की 5 अन्य चौकियों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधिवत उद्घाटन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की शुरुआत ए.डी.जी. दिनेश एम.एन. एवं आई.जी. विकास कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर डी.आई.जी. योगेश यादव और एसपी ज्ञानचंद्र की गरिमामयी उपस्थिति में भीलवाड़ा चौकी का विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ। चौकी के उद्घाटन के साथ ही पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

अजमेर में ठेका श्रमिकों का फूटा गुस्सा मांगों को लेकर किया सांकेतिक प्रदर्शन

■ एक मार्च से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिले में जल वितरण एवं संधारण कार्यों में लगी विभिन्न ठेका फर्मों द्वारा श्रम कानूनों की अनदेखी किए जाने से ठेका श्रमिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समय पर वेतन भुगतान, वार्षिक वेतन वृद्धि, बोनस, पीएफ कटौती, ईएसआई सुविधा सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं लंबे समय से नहीं दिए जाने के विरोध में अब श्रमिक आंदोलन की राह पर उतरने को मजबूर हो गए हैं। स्मार्ट सिटी, पीसांगन व पुष्कर परियोजनाओं में श्रमिकों के साथ अन्याय: जानकारी के अनुसार अजमेर जिले में स्मार्ट सिटी, पीसांगन एवं पुष्कर क्षेत्र में जल आपूर्ति का कार्य विगत 6 वर्षों से राज्य सरकार द्वारा विष्णु प्रकाश आर. पुंगलिया फर्म, जोधपुर को दिया गया है। इस फर्म द्वारा संधारण एवं संचालन का कार्य आगे सबलेट ठेकेदारों को सौंप दिया गया। इन ठेकेदारों के अधीन कार्यरत श्रमिक लगातार 6-7 वर्षों से कार्यरत हैं, इसके बावजूद उन्हें श्रम नियमों के तहत मिलने वाले अधिकार जैसे-समय पर वेतन, वार्षिक वेतन वृद्धि, बोनस, पीएफ कटौती, ईएसआई सुविधा आदि से वंचित रखा जा रहा है। इससे श्रमिकों की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

ग्राम पंचायतों के जल मित्र 18 माह से वेतन के इंतज़ार में: अजमेर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल मित्र के पद पर कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। इन कर्मचारियों को 18 माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वेतन न मिलने के कारण जल मित्रों को अपने परिवार के भरण-पोषण में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्रमिकों का आरोप है कि फर्म द्वारा वर्ष 2025 का बोनस, वर्दी, जूते, राजकीय अवकाशों का भुगतान, ईएसआई, पीएफ एवं वार्षिक वेतन वृद्धि जैसी सुविधाएं अब तक उपलब्ध नहीं करवाई गई हैं।

जी इन्फ्रा प्रा. लि. द्वारा ईएसआई कटौती, कार्ड नहीं: थडौली, बघेरा, केकड़ी, बोराडा, रामसर किशनगढ़, बिठूर, बिजयनगर, लामाना, राजगढ़, सावर, कादेडा आदि पम्प हाउसों पर कार्यरत श्रमिकों ने जी इन्फ्रा प्रा. लि. पर गंभीर आरोप लगाए हैं। श्रमिकों के अनुसार पिछले 6 वर्षों से उनके वेतन से ईएसआई की कटौती तो की जा रही है, लेकिन आज तक किसी भी कर्मचारी को ईएसआई कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके कारण बीमारी की स्थिति में श्रमिकों को इलाज के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मांग पत्र के बाद भी नहीं हुई कोई सुनवाई: श्रमिक संगठन द्वारा इस संबंध में अजमेर जिले की सभी संबंधित ठेका फर्मों को मांग पत्र देकर अवगत कराया जा चुका है। लगभग एक वर्ष का समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी बकाया वेतन, बोनस, एरियर सहित वार्षिक वेतन वृद्धि, पीएफ-ईएसआई, वर्दी, जूते एवं राजकीय अवकाशों के भुगतान को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई।

एक मार्च से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी: श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि आज के सांकेतिक प्रदर्शन के बाद भी यदि उनकी वाजिब मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो एक मार्च 2026 से अजमेर जिले की विभिन्न ठेका फर्मों के अधीन कार्यरत ठेका श्रमिकों एवं ग्राम पंचायतों के जल मित्रों द्वारा अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

शक्ति नगर में जल भराव की समस्या के समाधान की प्रक्रिया शुरू

अजमेर, (कासं)। शहर के नाका मदार स्थित शक्ति नगर क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जल भराव की समस्या के समाधान की दिशा में प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हो गई है। भाजपा वार्ड 54 के अध्यक्ष प्रवीण राठौड़ एवं भाजपा नेता मुन्ना मंसूरी ने जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता अनिल यादव से मुलाकात कर क्षेत्र में स्थायी समाधान के लिए नाले का निर्माण शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की।

■ 11.87 लाख का कार्यादेश जारी

भाजपा के प्रवीण राठौड़ ने अधिशाषी अभियंता अनिल यादव को ज्ञापन देकर जलभराव की समस्या निबटाने की मांग की ।

प्रतिनिधिमंडल ने अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बरसात के दिनों में शक्ति नगर क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़कों और घरों के आसपास जलभराव से आवागमन बाधित होता है तथा बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। अधिशाषी अभियंता अनिल यादव ने आश्वस्त किया कि समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नाले के निर्माण हेतु पीएसएससी कंपनी को 11 लाख 87 हजार रुपये का कार्यादेश जारी किया जा चुका है। साथ ही संबंधित सहायक अभियंता को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके। प्रवीण राठौड़ ने कहा कि यह समस्या लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत की अनुशंसा के बाद इस कार्य को स्वीकृति मिली है। मंत्री की पहल और विभागीय अधिकारियों की सक्रियता से अब क्षेत्र के लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। भाजपा नेता मुन्ना मंसूरी ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी राहत बताते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के सतत प्रयास और मंत्री की सकारात्मक अनुशंसा से यह संभव हो पाया है।

फीफा अभियान का आगाज़

नसीराबाद,(निसं)। भारत सरकार के शिक्षा विभाग और विश्व की अग्रणी फुटबॉल संस्था इर्ष्ई के संयुक्त मिशन 'फुटबॉल फॉर स्कूल' के तहत पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय (ब्ब्) नांदला, नसीराबाद को अजमेर जिले का मुख्य नोडल सेंटर बनाया गया है। विद्यालय को जिले में 3980 फुटबॉल के वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।कार्यक्रम आज शुक्रवार को विद्यालय परिसर में आयोजित होगा। समारोह में अजमेर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द नारायण तथा ब्यावर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अनिल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और फुटबॉल वितरण कर अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्राचार्य गिरिराज रेवाड़ ने बताया कि जिले के 517 विद्यालयों को फुटबॉल वितरित की जाएंगी। शेष विद्यालयों को संबंधित ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से फुटबॉल उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यालय को वितरण हेतु सभी 3980 फुटबॉल प्राप्त हो चुकी हैं। यह पहल जिले में फुटबॉल को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

गहलोत बने मीरा महल संरक्षक के सदस्य

मेड़ता सिटी । राजस्थान स्मारक राज्य सरकार की अधिसूचना 2008 द्वारा मेड़ता सिटी में स्थित मीरा महल को संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है । इस ऐतिहासिक महत्व के स्मारक के संरक्षण,जीर्णोद्वार एव विकास हेतु अजमेर संभागीय आयुक्त द्वारा एक समिति का गठन किया गया है । संभागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह द्वारा जारी किए गए आदेश में मेड़ता निवासी समाज सेवी और मीरा जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गहलोत को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है । गौरतलब है कि गहलोत मेड़ता सहित आस पास क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रसर होकर कार्य करते आए है । वर्तमान में विश्व स्तरीय मीरा जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष पद पर है । समिति के सदस्य के रूप में शामिल करने पर गहलोत ने राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि हम सभी के लिए यह सम्मान और गर्व का विषय है कि मीरा महल की दशा को सुधारने का प्रयास राज्य सरकार की और से किया जाएगा । हम सब मिलकर यह प्रयास करेंगे कि मीरा महल एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विश्व के पर्यटन मानचित्र में स्थान प्राप्त कर सके । आगामी दिनों में एक एक्शन पालन बनेगा जिसमें मीरा महल के जीर्णोद्वार के लिए आवश्यक कार्य होंगे ।

साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान

अजमेर,(कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा घूघरा स्थित राजपुरोहित डेयरी, नाचन बावड़ी, नाथ बस्ती में साइबर फ्रॉड से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और भ्रामक संदेशों से सतर्क करना रहा।

संस्थान प्रतिनिधि सुमन मेघवंशी एवं मनोरमा सैन ने उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बारे में फ्लिप चार्ट के माध्यम से बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक खाता विवरण या आधार नंबर जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। फर्जी लॉटरी, इनाम या नौकरी के नाम पर होने वाले प्रलोभनों से दूर रहने की सलाह भी दी गई।

साइबर फ्रॉड से बचाव के सम्बंध में पोस्टर बनाये।

कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी हो जाती है, तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करे और साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। मोबाइल में मजबूत पासवर्ड रखने, समय-समय पर उसे बदलने तथा केवल विश्वसनीय ऐप्स ही डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान के माध्यम से लोगों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी और सभी ने सतर्क एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया।

वकीलों का विरोध प्रदर्शन

बिजयनगर । राज्य सरकार के घोषित बजट मेंअधिवक्ताओं की लंबे समय से लंबित एडीजे कोर्ट की मांग पूरी नहीं होनेपर गुरुवार को न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओ ने सामूहिक रूप से एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया। अधिवक्ता रामनिवास जाट ने अधिवक्ताओं के विरोध प्रदर्शन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से बिजयनगर न्यायालय को (एडीजे)अपर जिला व सत्र न्यायालय की मांग कर रहे थे इस संदर्भ मेंअधिवक्ताओं द्वारा कई बार सरकार को ज्ञापन दिये गये अधिवक्ता संघ द्वारा राज्य सरकार के मंत्री से लेकर स्थानीय विधायक कोअपनी मांगों को लेकर उचित समाधान की मांग की गई।

जेएलएन मेडिकल कॉलेज में आयोजित मिलेट्स मेला एवं वॉकेथन सफलतापूर्वक संपन्न

अजमेर, (कासं)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान, जयपुर डॉ. टी. शुभ मंगल के निर्देशों की अनुपालना में आमजन को मिलेट्स (मोटे अनाज) के प्रति जागरूक करने हेतु गुरुवार, 12 फरवरी 2026 को जेएलएन मेडिकल कॉलेज, अजमेर के ऑडिटोरियम में आयोजित मिलेट्स मेला सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

जेएलएन मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन फूड सेफ्टी के अंतर्गत विभिन्न नवाचारों की श्रृंखला में किया गया, जिसमें प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक बड़ी संख्या में आमजन, स्वास्थ्यकर्मी, छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। मेले का मुख्य उद्देश्य लोगों को मिलेट्स जैसे ज्वार, बाजरा, रागी आदि मोटे अनाजों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना रहा।

मेले में विभिन्न प्रकार के मिलेट्स से बने पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिन्हें उपस्थित लोगों ने न केवल देखा बल्कि उनके स्वाद का भी आनंद लिया। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा मिलेट्स की पोषण क्षमता, मधुमेह नियंत्रण, हृदय स्वास्थ्य, पाचन सुधार तथा जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में इनके महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने मिलेट्स को दैनिक आहार में शामिल करने के तरीकों पर भी मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर आमजन में विशेष उत्साह देखने को मिला और लोगों ने मोटे अनाजों को अपनाने का संकल्प लिया। महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने मिलेट्स आधारित भोजन को स्वास्थ्यवर्धक विकल्प के रूप में सराहा।

वॉकेथन के माध्यम से दिया गया जागरूकता का संदेश: इसी क्रम में कार्यक्रम के दिन प्रातः 7:30 बजे मिलेट्स जागरूकता वॉकेथन का भी आयोजन किया गया। यह वॉकेथन पुरानी चौपाटी से प्रारंभ होकर नई चौपाटी, अजमेर तक निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को मिलेट्स से संबंधित खाद्य पदार्थों, उनके लाभों एवं स्वस्थ जीवनशैली में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

भीलवाड़ा की सड़कों पर अब तीसरी आंख का पहरा

भीलवाड़ा। जिले की सड़कों को सुरक्षित बनाने और सड़क हादसों में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार, भीलवाड़ा में अब उन्नत इलेक्ट्रॉनिक यातायात प्रवर्तन प्रणाली स्थापित की जा रही है। इस नई तकनीक के लागू होने के बाद अब यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं होगी। सिस्टम स्वचालित रूप से नियम तोड़ने वाले वाहनों को चिन्हित करेगा और उनके मालिकों के मोबाइल पर सीधे ई-चालान भेजे जाएंगे। यह प्रणाली राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर तैनात की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम 'शी शक्ति' से महिलाओं को सशक्त बनाने का आव्हान

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई-2 के प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग की सद्भावना यात्रा के तहत लायंस क्लब जोधपुर मारवाड़ द ग्रेट द्वारा प्रज्ञा निकेतन सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सेवा गतिविधियों की समीक्षा, भावी योजनाओं पर चर्चा तथा प्रांत स्तरीय निर्देशों से अवगत कराया गया।

डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतपाल की यह अधिकृत यात्रा क्लब के कार्यों के मूल्यांकन और मार्गदर्शन के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मेलविन जॉन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

लायंस क्लब इंटरनेशनल के कार्यक्रम में भावी योजनाओं पर चर्चा की गई।

क्लब अध्यक्ष लायन दुर्गेश नंदिनी ने स्वागत उद्बोधन दिया। क्लब सचिव लायन संगीता गौर ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जबकि कोषाध्यक्ष लायन सुनीता गांधी ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा। ध्वज वंदना लायन रीटा सैन ने की। इस अवसर पर सेवा कार्यों के अंतर्गत जरूरतमंदों को शाम का भोजन उपलब्ध कराया गया, राशन सामग्री वितरित की गई तथा एक वृद्धाश्रम को 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रांतपाल के सम्मान में अभिनंदन पत्र का वाचन लायन गोपी केशवानी ने किया। प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम 'शी शक्ति' ने महिलाओं को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की है। उन्होंने सभी क्लब सदस्यों से इस मंच के माध्यम से अधिकाधिक सेवा कार्य करने का आव्हान किया। साथ ही मिशन 1.50 को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर इंटरनेशनल प्रेसिडेंट के आव्हान को सफल बनाने की बात कही। प्रांतीय कोषाध्यक्ष लायन जे.के. जैन, डॉ. मीना बरडिया, संभागीय अध्यक्ष लायन सरिता सुराणा एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मंजुला अरोड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

आम सूचना

मेरी पत्नि अनिता कंवर पत्नि दौलत सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम झाडोल की मृत्यु दिनांक 11.09.2024 को मेरे निवास स्थान ग्राम झाडोल में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत मण्डावरिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी पत्नि अनिता कंवर का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। - प्रार्थी- दौलत सिंह पुत्र गणपत सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम झाडोल तहसील अरांई, अजमेर

NAME CHANGE

I, Army No. 17032775X, CFN, Mallikarjun Balappa Nagar Residing at Vill & Po:-Biranholi, Teh:- Hukkeri, Distt:- Belagavi, Karnataka, Pin:-591243 have change my mother's name from Balavva to Balavva Nagar vide affidavit no. CA 331795 dt 12/02/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No. 17032775X, CFN, Mallikarjun Balappa Nagar Residing at Vill & Po:-Biranholi, Teh:- Hukkeri, Distt:- Belagavi, Karnataka, Pin:-591243 have change my father's name from Balappa to Balappa Nagar vide affidavit no. CA 331794 dt 12/02/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No. 15231373L, HAV(GNR), Patel Deepakkumar Arvindbhai Residing at Vill & Po:- Balol, Teh:- Mahesana, Distt:- Mahesana, Gujarat, Pin:-384410 have change my Daughter's name from Dhruvi to Dhruvi Deepakkumar Patel vide affidavit no. CA 924537 dt 11/02/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I D Pachiyammal Wife of Army No. JC-735048Y, SUB(SHGD), N Dhandapani Residing at Vill & Po:- Ettivadi, Teh:- Polur, Distt:- Tiruvannamalai, Tamil Nadu, Pin:-606907 have change my name from D Pachiyammal to Pachiyammal vide affidavit no. CA 331802 dt 12/02/2026 at court campus Nasirabad

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/681 आपत्ति सूचना दिनांक-11.02.26

श्री सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, श्री त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, श्री गुरूदीप सिंह छाबड़ा पुत्रगण श्री मंजीत सिंह छाबड़ा निवासीगण भांग बावडी आशागंज रोड त्रिलोक नगर के सामने अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति ए.एम.सी. नं. 15/33 जो याके उत्तरी गेट पुलिस चौकी के पास नवाब का बेडा अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 257.65 व.मी. है में स्थित है भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है-
पूर्व- रास्ता आम अजय नगर जाने वाला उत्तर - रास्ता आम व चौक
पश्चिम- श्री नरेश गुप्ता (कबाडी) की जायदाद दक्षिण - कम्मू डिस्क वाले की जायदाद
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ख.नं. 619, 620 ग्राम घूघरा योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या डी-12 क्षेत्रफल 119.00 वर्गमीटर आवंटी/अन्तरिति श्री प्रवीण कुमार गौतम पुत्र श्री गौरीशंकर गौतम निवासी 839/37 नजदीक सांखला का कुआं, अवधपुरी जोन्सगंज अजमेर, राज. की मृत्यु दिनांक को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. श्रीमती आकंक्षा वर्मा पत्नी स्व. श्री प्रवीण कुमार गौतम 2. प्राश गौतम पुत्र स्व. श्री प्रवीण कुमार गौतम (बाबा) निवासी 2602 इन्द्रपुरी कॉलोनी खजूर बाग नई बस्ती झांसी द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/685 आपत्ति सूचना दिनांक-11.02.26

श्रीमती दीपिका सोमानी पत्नी श्री विनोद कुमार सोमानी, श्री विनोद कुमार सोमानी पुत्र श्री भगवती प्रसाद सोमानी निवासी एम-74 आनासागर लिंक रोड कृष्णगंज अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति ए.एम.सी. नं. 4/118 किशनगढ़ कोठी बापू नगर जयपुर रोड अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 201.19 व.मी. है में स्थित है भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है-
पूर्व- श्री कैलाशजी मंत्री की सम्पत्ति उत्तर - श्री दिनेश चन्द की सम्पत्ति
पश्चिम- रोड 20 फुट दक्षिण - श्री पारसमल चौपड़ा की सम्पत्ति
अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: योजना/2025-26/ सार्वजनिक सूचना दिनांक-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संगीता गौड़ पत्नी श्री गोपाल कृष्ण गौड़ निवासी 77 सुथारों का मौहल्ला यूनिवर्सिटी रोड नोर्थ आयड उदयपुर के द्वारा नगर निगम की भगवानगंज योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या W-77 क्षेत्रफल 69.44 वर्गगज का नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज सलंग्न कर आवेदन सं. LSG/AJMER/MUT/2025-26/170025 दिनांक 19.01.2026 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री रामावतार शर्मा पुत्र स्व. श्री कल्याण सहाय शर्मा के नाम से दर्ज है। श्री रामावतार शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 05.05.2016 को हो चुका है। सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती संगीता गौड़(पुत्री) विधिक वारिस है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 116 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 15 दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को अजमेर नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने/पढ़ने के लिए खुला रखा गया है इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपत्ति उज्र हो तो सूचना प्रकाशन से 15 दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। -प्रभारी अधिकारी(योजना) नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक:न.पा.बि./निर्माण.स्थी./2025/6170 दिनांक :11.02.26

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपति मान्य नहीं होगी। :-

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
198	मैसर्स मुणोत कन्स्ट्रक्शन कम्पनी बिजयनगर जरिऐ भागीदार श्री पदमसिंह मुणोत पुत्र कान्तिलाल मुणोत	विद्यासागर रेजिडेन्सी ब्लॉक- R प्लाट नं. R-22 ख.सं. 287	112.40 SQ.MTR	आवासीय
199	मैसर्स मुणोत कन्स्ट्रक्शन कम्पनी बिजयनगर जरिऐ भागीदार श्री पदमसिंह मुणोत पुत्र कान्तिलाल मुणोत	विद्यासागर रेजिडेन्सी ब्लॉक- R प्लाट नं. R-21 ख.सं. 287	112.40 SQ.MTR	आवासीय
200	M/s Kothari Build creation जरिऐ पार्टनर श्री राजीव कुमार कोठारी पुत्र कन्हैयालाल कोठारी	विद्यासागर रेजिडेन्सी ब्लॉक- R प्लाट नं. R-20 ख.सं. 287	112.40 SQ.MTR	आवासीय
201	M/s Kothari Build creation जरिऐ पार्टनर श्री राजीव कुमार कोठारी पुत्र कन्हैयालाल कोठारी	विद्यासागर रेजिडेन्सी ब्लॉक- R प्लाट नं. R-19 ख.सं. 287	102.19 SQ.MTR	आवासीय

- अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com
क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/3785 आपत्ति आमन्त्रित सूचना दिनांक: 01-10-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-A के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगे। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/ प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. |